झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PROJECT RAIL

(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)

GENERAL SCHOOL

विषय – भूगोल | कक्षा-**11**

समय **-1** घण्टा | पूर्णांक-**20**

सामान्य निर्देश :

*1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **12** प्रश्न हैं।सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

2. प्रश्न के प्रकार एवं अंक :

***प्रश्न 1 से 6 - वस्तुनिष्ठ प्रश्न** 6x1=6*

***प्रश्न 7 से 10 - लघु उत्तरीय प्रश्न** 4x2 =8*

***प्रश्न 11 एवं 12 - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** 2x3=6*

*3. प्रश्न संख्या **1** से **6** बहुविकल्पीय प्रकार के हैं। **6** बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **2** प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न **1** से **6** के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प **(a, b, c, d)** का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना हैं।*

4. परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

SECTION - A (1x6=6) बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न 1. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार 'Af' किस प्रकार की जलवायु को दर्शाता है?

(क) उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु (ख) शुष्क जलवायु

(ग) टुंड्रा जलवायु (घ) भूमध्यसागरीय जलवायु

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन सी एक प्रमुख ग्रीन हाउस गैस है?

(क) ऑक्सीजन (ख) नाइट्रोजन

(ग) कार्बन डाई ऑक्साइड (घ) आर्गन

RAIL 02-11-2026

प्रश्न 3. चन्दन वन किस तरह के वन के उदाहरण हैं?

(क) डेल्टाई वन (ख) सदाबहार वन

(ग) पर्णपाती वन (घ) कांटेदार वन

प्रश्न 4. भारत में 'सुन्दरी' वृक्ष मुख्य रूप से किस प्रकार के वनों में पाए जाते हैं?

(क) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन (ख) मैंग्रोव (ज्वारीय) वन

(ग) कंटीले वन (घ) पर्वतीय वन

प्रश्न 5. जलवायु परिवर्तन के परिणाम स्वरूप निम्नलिखित में से कौन सा सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से देखा जा रहा है?

(क) समुद्र के जल स्तर में वृद्धि तथा ग्लेशियर का पिघलना

(ख) पृथ्वी के घूर्णन की दिशा में बदलाव

(ग) दिन और रात की अवधि का पूरे वर्ष समान रहना

(घ) पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल का समाप्त होना

प्रश्न 6. भारत के किस राज्य में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर सर्वाधिक वन क्षेत्र पाया जाता है?

(क) राजस्थान (ख) मध्य प्रदेश

(ग) पंजाब (घ) उत्तर प्रदेश

RAIL 02-11-2026

SECTION - B (4x2=8) (लघु उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 7. ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है? इसके दो प्रमुख प्रभाव लिखिए।

प्रश्न 8. किस प्रकार की जलवायु में तापान्तर बहुत कम है?

प्रश्न 9. उष्ण कटिबंधीय आद्र सदाबहार वन की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 10. वन संरक्षण क्यों आवश्यक है? उसके कोई दो कारण बतलाइए।

SECTION - C (2x3=6) (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 11. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए तथा 'A' और 'B' प्रकार की जलवायु में अन्तर स्पष्ट करें।

प्रश्न 12. भारत में पाई जाने वाली प्राकृतिक वनस्पतियों का वर्गीकरण कीजिए तथा किसी एक प्रमुख प्रकार का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

RAIL 02-11-2026